षोडश

बिहार विधान सभा

नवम सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-1

सोमवार, तिथि 28 फाल्गुन, 1939 (श0) / 19 मार्च, 2018 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 02

(1) गृह विभाग	01
(2) उद्योग विभाग	01
कुल योग —	02

घटना की वृद्धि रोकना

29. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में 5 अप्रील, 2016 से शराब बंदी कानून लागू है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में शराब बंदी कानून लागू होने के बाद अबतक 5 से 6 लाख लोगों के यहाँ शराब पकड़ने के लिये छापेमारी की गई है जिसमें 88,000 एफ0आई0आर0 शराब पीने के आरोप में दर्ज की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार शराब बंदी कानून लागू होने के बाद खंड (2) में वर्णित एफ0आई0आर0 घटना की वृद्धि को रोकने हेतु कौन-सी कारगर कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मिनी फूड पार्क खोलना

30. डॉ0 मेवा लाल चौधरी--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य सब्जी उत्पादन (टमाटर, आलू, फूलगोभी) में पूरे देश में तीसरा स्थान रखता है किन्तु खाद्य प्रसंस्करण इकाई नहीं होने की वजह से सब्जी उत्पादन का 20 से 25 प्रतिशत प्रत्येक वर्ष नष्ट हो जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा बिहार को सब्जी उत्पादन में प्रथम या द्वितीय स्थान पर लाने का लक्ष्य वर्ष 2017-18 में रखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रत्येक अनुमंडल में खाद्य प्रसंस्करण हेतु मिनी फूड पार्क कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 19 मार्च, 2018 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 121-डी0टी0पी0-550